हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 19 जून 2026

11 ठेकेदार पर कई टेंडर होने के चलते आम जनता...



12 रक्तदान शिविर लगाकर व मेधावी विद्यार्थियों ...



GEETA NIKETAN COLLEGE OF NURSING
Recognised by HNRC Panchkula (Govt. of Haryana) Affiliated by Pt. B.D. Sharma U.H.S. Rohtak
REGISTRATION OPEN
Session 2026-27
AC HOSTEL Facility Available
P.B. B.Sc. NURSING – 2 Years GNM Pass
GNM – 3 Years 12th Any Stream – No Fees for S.C. Students
ANM – 2 Years 12th Any Stream – No Fees for S.C. Students
B.Sc. NURSING – 4 Year | 10+2 (Medical)
Loharu Road, Charkhi Dadri M. 9812538777, 9034669933



## खबर संक्षेप

### मंदिर के दानपात्र से चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**भिवानी।** थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने माता घत्तेशवरी मंदिर से दानपात्र तोड़कर नकदी चोरी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस को महिला द्वारा शिकायत दी गई थी कि विद्यानगर स्थित माता घत्तेशवरी मंदिर में तीन जून को व्यक्ति मंदिर का दानपात्र तोड़कर उसमें रखी नकदी चोरी कर ले गया। थाना औद्योगिक क्षेत्र भिवानी में संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई। थाना औद्योगिक क्षेत्र भिवानी के मुख्य सिपाही अमीर सिंह ने मामले की जांच के दौरान आरोपी को कीर्ति नगर, भिवानी से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजेश निवासी न्यू विद्यानगर, भिवानी के रूप में हुई है।

### प्रदीप कुमार हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार

**बहल।** बहल निवासी 21 वर्षीय प्रदीप कुमार हत्याकांड में फरार चल रहे सातवें आरोपी को सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी गिरफ्तार एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। बहल निवासी प्रताप ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 24 मई को उसका पुत्र प्रदीप कुमार शाम करीब 7 बजे घर से गया था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। शिकायत के आधार पर 25 मई को थाना बहल में मामला दर्ज किया गया था। बाद में प्रदीप का शव सिवानी फाटक के पास मिला था। सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी की टीम ने 16 जून को कार्रवाई करते हुए फरार चल रहे सातवें आरोपी को बवानी खेड़ा क्षेत्र से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान महेश के रूप में हुई है। इस मामले में छह आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

### स्थापना दिवस पर श्याम वार्षिक महोत्सव कल

**तोशाम।** तोशाम की बाबा मुंगीपा पहाड़ी पर स्थित प्राचीन श्री श्याम मंदिर के स्थापना दिवस के उपलक्ष में 20 जून को सातवां श्री श्याम वार्षिक महोत्सव मनाया जाएगा। यह वार्षिक महोत्सव मंदिर पुजारी ज्योतिष आचार्य पं. कुंज बिहारी शास्त्री के सानिध्य में आयोजित होगा। मंदिर संचालक एवं श्याम प्रेमी राजेंद्र प्रसाद जिंदल भेरा वाले तथा धर्मवीर नेहरा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 20 जून को प्राचीन श्री श्याम मंदिर का स्थापना दिवस मनाया जाता है। इसी कड़ी में अबकी बार भी सातवां श्री श्याम वार्षिक महोत्सव 20 जून शनिवार को रात्रि 8:15 बजे से मंदिर परिसर में बाबा खाटू श्याम के जागरण के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा।

---

जगह-जगह लगे कचरे के ढेर, बारिश आई तो नाले हो जाएंगे फेल

# नप ने नालों की सफाई तो की लेकिन कचरा किनारे पर छोड़ा

**शहर में नालों की स्थिति बेहद नाजुक है सबसे बुरी स्थिति दिनोद गेट इलाके की**

**पब्लिक हेल्थ विभाग ने अभी नालों की सफाई का कार्य शुरू नहीं करवाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

बारिश का मौसम शुरू होने को है और नगरपरिषद को नालों की सफाई की याद आई। कई जगहों पर सफाई में जुटे तो कई जगहों पर अभी सफाई का कार्य शुरू भी नहीं हो पाया है। जिन इलाकों में नालों की सफाई की गई है। वहां पर शिल्ट निकालकर दूसर फेंकने की बजाए नाले के किनारे पर ही डाल दी। अगर थोड़ी सी बारिश आई तो पानी के साथ बह कर शिल्ट के साथ साथ पॉलीथिन भी फिर से नाले के अंदर जाएंगे और नाले को आकंठ तक बंद कर देंगें। फिर शहर के पानी की निकासी होने की बजाए सड़कों पर पानी बहता नजर आएगा।

वैसे तो शहर के अधिकांश नालों की स्थिति बेहद नाजुक बनी है,लेकिन सबसे बुरी स्थिति दिनोद गेट इलाके की बनी है। वहां पर कुछ नालों की सफाई तो कर दी,लेकिन नालों से निकाली गई शिल्ट व पॉलीथिन का कचरा नाले के किनारे पर डाल दिया। कचरे की वजह से सड़क की



चौड़ाई घट गई है। करीब तीन से चार फुट तक सड़क तंग हो गई। यहां से वाहन चालक निकलने में परेशानी उठा रहे है। दूसरी तरफ कचरा न उठाने की वजह से धीरे धीरे उड़कर अब फिर से नाले में जा रहा है। अगर थोड़ी सी बारिश आई तो पानी के साथ बह कर कचरा नाले में चला जाएगा। फिर से नाला शिल्ट व पॉलीथिन के कचरे से अट जाएगा।

यह स्थिति किसी एक जगह नहीं बल्कि अन्य जगहों पर भी इसी तरह की स्थिति बनी हुई है। शहर के अंदरूनी हिस्सों में स्थिति और भी दयनीय बनी है। कुछ नालों की तो अभी तक सफाई ही नहीं हुई है। जिसके चलते घरों से निकलने वाला गंदा पानी शहर की गलियों व सड़कों पर फैल रहा है। हलकी सी बारिश में यहां से निकलना दूभर हो रहा है।

**सफाई नहीं होने के चलते नाले अभी भी ओवरफलो हो रहे हैं**

नगरपरिषद के दायरे में आने वाले अधिकांश नालों की सफाई का कार्य चल रहा है,लेकिन पब्लिक हेल्थ विभाग ने अभी नालों की सफाई का कार्य शुरू नहीं करवाया है। सफाई न होने से नाले अभी भी ओवरफलो है। अगर जरा सी बारिश आई तो शहर का पानी आगे बहने की बजाए सड़कों पर फैलेगा। कायदें से जून माह में सभी नाले व नालियों की सफाई होनी चाहिए। क्योंकि इस माह में सफाई होने के बाद बारिश के सीजन में जलभराव की समस्या से छुटकारा मिल जाता है।

---

# बवानीखेड़ा में नाले गंदगी से अटे, लोगों ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

शहर में गंदे पानी की निकासी के लिए बनाए गए नाले इन दिनों लबालब भरे हुए हैं, जिससे आसपास के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका के सफाई कर्मचारी नियमित रूप से नालों की सफाई तो करते हैं, लेकिन पानी की निकासी की व्यवस्था सही नहीं होने के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है। लोगों का आरोप है कि पानी आगे की ओर बहने के बजाय उलटी दिशा में लौट आता है, जिससे नालों का पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर फैल जाता है। नालों में गंदे पानी के जमा होने से आसपास दुर्गंध फैल रही है और मच्छरों की संख्या में भी लगातार वृद्धि हो रही है। इससे क्षेत्र में बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। राहुल, शकुंतला, रमेश, महेन्द्र, श्यामसुंदर, अशोक, प्रवीण आदि ने बताया कि कई बार इस समस्या की शिकायत नगर पालिका अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखी जा चुकी है, जो इस कार्यवाही पर अमल करके समस्या का समाधान करने में जुटे हैं। लेकिन अभी तक स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। बरसात के मौसम में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है, जिससे लोगों का घरों से निकलना भी मुश्किल हो जाता है। लोगों का कहना है कि सफाई कर्मचारियों की मेहनत के बावजूद नालों का ढलान सही नहीं होने तथा निकासी मार्ग संकरा होने के कारण पानी का प्रवाह बाधित हो रहा है। लोगों ने नपा प्रशासन से समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है ताकि बरसात के दिनों में जलभराव से राहत मिल सके।



बवानीखेड़ा। नालs की सफाई करते कर्मचारी।

### दोनों तरफ नए नालों का निर्माण जल्द करवाया जाएगा

इस संबंध में नगर पालिका प्रधान सुंदर अत्री ने बताया कि समस्या उनके संज्ञान में है और इसके समाधान के लिए योजना तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर पानी की निकासी में दिक्कत आ रही है, वहां दोनों तरफ नए नालों का निर्माण जल्द करवाया जाएगा। साथ ही पुराने नालों की मरम्मत और सफाई व्यवस्था को भी और बेहतर बनाया जाएगा।

उन्होंने विश्वास दिलाया कि नगर पालिका नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है और जल्द ही इस समस्या से लोगों को राहत मिलेगी। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि नगर पालिका द्वारा प्रस्तावित नालों के निर्माण के बाद वर्षों पुरानी जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा और कस्बे में स्वच्छता व्यवस्था में सुधार आएगा।

---

सर्वसम्मति से चुनी नई जिला कार्यकारिणी

## विक्रम सिंह हरियाणा इरिगेशन क्लेरिकल एसो. के जिला प्रधान बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

■ लिपिकों के अधिकारों, हितों एवं मान-सम्मान की रक्षा करना ही उद्देश्य : नेत्रपाल

सिंचाई विभाग के लिपिक वर्ग की आवाज को बुलंद करने और संगठन को नई ऊर्जा देने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। हरियाणा इरिगेशन क्लेरिकल एसोसिएशन के बैनर तले जिला स्तरीय बैठक में सर्वसम्मति से आगामी तीन वर्षों के लिए जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के राज्य प्रधान विकास कुमार, महासचिव प्रवीण खटक, कैशियर अनुरुद्ध सिंह और पर्यवेक्षक के रूप में मनदीप सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे, जिनकी देखरेख में चुनावी प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न करवाया।

बैठक में सर्वसम्मति से चुनी नई जिला कार्यकारिणी में विक्रम सिंह को प्रधान, मनीषा कुमारी को सचिव, राजवीर सिंह को कोषाध्यक्ष, चंचल शर्मा को महिला उपप्रधान, प्रदीप को सहसचिव, नेत्रपाल तंवर को मुख्य सलाहकार व प्रवक्ता नियुक्त किया। इसके अलावा सलाहकार मंडल में अमित कुमार, सुरेश शर्मा, कवल सिंह, मंगल सिंह, संदीप सिंह रहे। विक्रम ने सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह नई जिम्मेदारी हमारे लिए केवल एक पद नहीं, बल्कि हमारे सभी लिपिकों के विश्वास का प्रतीक है। आज कर्मचारियों की कई ऐसी जायज मांगें और समस्याएं हैं, जिन पर तुरंत ध्यान देने की आवश्यकता है। हमारी यह नई टीम पूरी तरह से पारदर्शी, निष्पक्ष और समर्पण भाव से काम करेगी। हम प्रशासन और सरकार के समक्ष लिपिक वर्ग की समस्याओं को मजबूती से उठाएंगे। चुनाव संपन्न होने के बाद नवनिर्वाचित जिला प्रधान विक्रम सिंह सहित सभी पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने की शपथ ली।

---

# मिड डे मील वर्कर्स ने शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढड़ा

मिड डे मील वर्कर्स यूनियन हरियाणा सीटू के आह्वान पर गुरुवार को अनाज मंडी बाढ़ड़ा में मिड डे मील वर्कर्स की ब्लॉक प्रधान राकेश काकड़ोली की अध्यक्षता में रोष सभा आयोजित की गई।

कार्यक्रम के बाद सभी कर्मियों ने रोष मार्च निकाल कर प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा का पुतला दहन कर सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया



गया। 4 अगस्त कुरुक्षेत्र में होने वाले राज्य स्तरीय प्रदर्शन को लेकर एसडीम कार्यालय में एसडीएम कार्यालय लिपिक बिमलेश को ज्ञापन सौंपा गया। कस्बे के जुई रोड स्थित अनाज मंडी में मिड डे मील वर्कर्स की मांगों को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए सीटू जिला सहसंयोजक सुमेर सिंह व मिड डे मील नेता निर्मला जेवली ने कहा कि राज्य व केंद्र सरकार मिड डे मील वर्कर्स का लगातार शोषण कर रही हैं। प्रदेश की लगभग 28 हजार मिड डे मील वर्कर्स बेहद कम मानदेय पर कार्य करने को मजबूर हैं।

**2022 के बाद मानदेय में नहीं हुई बढ़ोतरी**

नेताओं ने कहा कि मई 2022 में मिड डे मील वर्कर्स का मानदेय 7 हजार रुपये निर्धारित किया गया था, जबकि उसके बाद महंगाई में भारी वृद्धि हुई है। प्रदेश में न्यूनतम वेतन बढ़कर 15220 रुपये से अधिक हो चुका है लेकिन मिड डे मील वर्कर्स के मानदेय में कोई स मानजनक वृद्धि नहीं की गई है। सभा में सरकार के समक्ष निम्नलिखित मांगें रखी गईं- मिड डे मील वर्करों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। न्यूनतम वेतन 26 हजार प्रति माह लागू किया जाए। 12 महीने का पूरा मानदेय दिया जाए। ईएसआई, पीएफ, पेंशन व अन्य सामाजिक सुरक्षा सुविधाएं लागू की जाएं।

---

## केंद्र सरकार के 12 साल पूर्ण होने पर लगी विकासात्मक प्रदर्शनी: संदीप

**चरखी दादरी।** केंद्र सरकार के 12 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों से अवगत करवाने के उद्देश्य से लघु सचिवालय परिसर में प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जानने का मौका मिल रहा है। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संदीप हुड्डा ने बताया कि प्रदर्शनी के माध्यम से विभिन्न विभागों की योजनाओं, विकास कार्यों एवं जनहित में किए गए कार्यों की जानकारी नागरिकों तक पहुंचाई जा रही है। उन्होंने आमजन से प्रदर्शनी में पहुंचकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने का आह्वान किया। उन्होंने आमजन से केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया है।

---

# एसआईआर कार्य में जिला द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

■ एसआईआर को लेकर भ्रमित न हों नागरिक, सही जानकारी भरकर करें सहयोग : एसडीएम

जिला एसआईआर यानी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में पूरे प्रदेश में दूसरे स्थान पर आ गया है। वीरवार दोपहर तक जिला में एसआईआर का 35.67 प्रतिशत कार्य पूरा कर लियया गया।

बाढ़ड़ा एसडीएम आशीष सांगवान ने एसआईआर कार्य का जायजा लिया। जिला में चल रहे मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में दादरी जिला ने एक बार फिर से उपलब्धि हासिल की है। इस कार्य में जिला पूरे प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। कुल 4 लाख 10 हजार 306 मतदाताओं में से अभी तक 1 लाख 46 हजार 373 मतदाताओं को निर्धारित फार्म वितरित कर दिए गए हैं जोकि 35.67 प्रतिशत है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने बीएलओ से मतदाता फॉर्म वितरण, प्राप्त जानकारी और अपडेट प्रक्रिया से संबंधित बिंदुओं की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने बीएलओ को प्रोत्साहित भी किया और कहा कि बीएलओ का कार्य सबसे महत्वपूण है। उन्होंने कहा कि एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को और अधिक शुद्ध, पारदर्शी एवं अद्यतन बनाना है।

---

हल्की बूंदाबांदी से मौसम हुआ सुहावना, फसलों में होगा फायदा

# 36 डिग्री पर आया पारा, गर्मी-उमस से मिला छुटकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

**गुरुवार को 40 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था पारा**

गुरुवार को दिनभर तपिश व उमस से दोपहर बाद राहत मिली। हालांकि तेज बारिश नहीं आई,लेकिन हल्की बूंदाबांदी से पारा लूढक कर 36 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। जिस वजह से लोगों को पूरी तरह से गर्मी व उमस से पूरी तरह से राहत मिल गई। चूंकि गुरुवार दोपहर पारा 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास था और ज्यादा उमस के चलते लोग बेहाल रहे। शाम को हल्की बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया और लोगों ने राहत की सांस ली। देर शाम तक आसमान



काली घटाओ से अटा रहा। सुबह जब लोग सोकर उठे तो उस वक्त पारे का मिजाज गर्म था। दिन चढना शुरू हुआ तो पारे ने भी छलांग मारनी आरंभ कर दी। दोपहर तक पारा 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। उमस ने लोगों को जबरदस्त परेशान किया। दोपहर बाद आसमान में काले बादल एकत्रित होने लगे तो उमस ओर बढ गई। लोग कूलर व पंखों के नीचे पहुंचने लगे। करीब एक बजे हलकी बूंदाबांदी शुरू हुई। तो लोगों को उमस से थोडी सी राहत मिली। उसके बाद हवा की गति बढने के साथ साथ बूंदाबांदी ने भी गति पकड़ी। हालांकि बूंदाबांदी ज्यादा देर तक नहीं चली,लेकिन हलकी बूंदाबांदी ने भी पारे को औधे मुंह गिरा दिया। पारा लूढक कर 36 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। पारा नीचे आते ही लोगों ने राहत की सांस ली। उसके बाद कभी बूंदाबांदी तेज तो कभी धीमी गति से आसमान से पानी बरसा। लोगों को गर्मी से राहत मिली।

**फसलों में अच्छा फटाव होगा**

जिस तरह से हल्की बूंदाबांदी चल रही है। इससे खरीफ फसलों में बेहतरीन फायदा होगा। क्योंकि खरीफ फसलों को हल्की बूंदाबांदी की ही जरूरत होती है। हल्की बूंदाबांदी से फसलों में फुटाव बढेगा और फसलों की औसतन पैदावार में काफी बढौतरी होगी। हलकी बूंदाबांदी से किसानों के चेहरे खिल उठे। क्योंकि फिलहाल किसानों ने अपने खेतों में कपास, ज्वार व बाजरे की फसलों की बिजाई की गई है। साथ ही जिन किसानों ने अपने खेतों में धान की रोपाई करवानी है। उन किसानों ने खेतों में धान की पौध तैयार कर रहे है। धान की पौध के लिए इसी तरह का मौसम होना बहुत जरूरी है। इस मौसम में धान की पौध में भी फायदा होगा।

---

## घनघोर घटाओं के साथ रिमझिम बारिश चिलचिलाती गर्मी से मिली बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू

लोहारू शहर और इसके आसपास के इलाकों में गुरुवार दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट ली। आसमान में उमड़ीं घनघोर घटाओं और उसके बाद शुरू हुई रिमझिम बरसात से पूरा मौसम सुहाना हो गया। पिछले दो दिनों से पड़ रही चिलचिलाती गर्मी और उमस से परेशान लोगों को इस बारिश से भारी राहत मिली है।

पिछले दो दिनों से सूर्यदेव के तीखे तेवरों के कारण लोग बेहाल थे और भीषण गर्मी का सितम जारी था। लेकिन गुरूवार दोपहर बाद अचानक ठंडी हवाओं के साथ आसमान में काले-घने बादल छा गए। देखते ही देखते रिमझिम बारिश का दौर शुरू हो गया, जिसने पूरे इलाके को सराबोर कर



दिया। मौसम में आए इस अचानक बदलाव से लोगों के चेहरे खिल उठे। इस रिमझिम फुहारों के चलते क्षेत्र के तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की भारी गिरावट दर्ज की गई है। लोगों का कहना है कि पिछले दो दिन से गर्मी ने जीना मुहाल कर रखा था। दोपहर के वक्त घरों से निकलना मुश्किल हो गया था, लेकिन इस रिमझिम बारिश ने मौसम को बेहद खुशनुमा बना दिया है। दोपहर बाद पार्कों में लोगों की भीड़ देखने को मिली।



बच्चो, अगर तुम शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना चाहते हो तो तुम्हें नित्य योग करना होगा। इससे ना सिर्फ तुम्हारा दिमाग तेज होगा, मन भी शांत और प्रसन्न रहेगा। योग के और क्या-क्या फायदे हैं, जानो।

# नियमित करोगे योग हमेशा रहोगे निरोग

प्रेरणा
डॉ. मोनिका शर्मा

प्यारे बच्चो, हम सब फिट रहना चाहते हैं। बीमारियों के चंगुल से दूर रहना चाहते हैं। मतलब शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ रहना चाहते हैं। यह नियमित योग करने से ही संभव है। बच्चो, एक बात और, योग एक संपूर्ण जीवनशैली है। इसमें व्यायाम के साथ ही अच्छी फूड हैबिट्स और सही दिनचर्या भी जरूरी है। ऐसा करने से ही योग करने के अनेक लाभ तुमको मिल पाएंगे।



### फिट और एक्टिव रहोगे

बच्चो, नियमित योग करने से शारीरिक और मानसिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहने में बहुत मदद मिलती है। योग अभ्यास को अपने जीवन का हिस्सा बना लो तो तुम्हारे शरीर की फ्लेक्सिबिलिटी के साथ ही इम्यूनिटी भी बढ़ेगी। योग से शरीर की मसल्स मजबूत बनती हैं। इसीलिए अपना मनपसंद खेल खेलते हुए तुम्हें थकान नहीं होगी। शारीरिक ताकत लगने वाली एक्टिविटीज करने में और आनंद आएगा। भारी बस्ता उठाने वाले कंधों में बल मिलेगा। योग अभ्यास करने से बॉडी का पोश्चर भी सही रहता है। स्कूल, ट्यूशन और घर में लंबे समय तक बैठकर पढ़ने या लैपटॉप पर काम करने से पोश्चर बिगड़ जाता है। खराब मुद्रा में बैठने, खड़े होने या लेटने से गर्दन, कंधे और बैक में पेन होने लगता है। ऐसे में रोजाना आधे घंटे भी योग को अपने रूटीन का हिस्सा बना लिया जाए तो बॉडी पोश्चर सही रखा जा सकता है।

### मन रहता है शांत

योग करने से मन भी बहुत शांत रहता है। मस्तिष्क में एक संयत सक्रियता बनी रहती है, जिससे एग्जाम का स्ट्रेस, होमवर्क की टेंशन और किसी प्रतियोगिता में पीछे रह जाने का डर भी नहीं घेरता। योगासनों का अभ्यास तुम्हें पूरी एकाग्रता से अपना काम करने का मानसिक बल देता है।

### बढ़ती है मेंटल स्ट्रेंथ

बच्चो, स्कूल की गतिविधियां हों या नियमित पढ़ाई। ट्यूशन के प्रोजेक्ट्स हों या क्लासरूम में मिला होमवर्क। ये सब कुछ करने के लिए मेंटल स्ट्रेंथ बहुत जरूरी है। तुम इस बात को खुद समझते हो कि बिना थके, बिना रुके, अपने रुटीन को फॉलो करना बहुत जरूरी है। मन की शक्ति से ही ऐसे हर फ्रंट पर अच्छे से परफॉर्म किया जा सकता है। योग करने से हमें यह सब करने का मानसिक बल भी मिलता है। योग से ही जुड़े प्राणायाम और मेडिटेशन के अभ्यास मन को शांत-सहज रखते हैं। किसी भी तरह के तनाव से दूर रखते हैं, जिससे अच्छी नींद आती है। चाइल्ड पोज (बालासन) नाम का आरामदायक आसन, हमारी नर्व्स को शांत कर थकान और एंग्जाइटी दूर करने में बहुत उपयोगी होता है। मस्तिष्क की कोशिकाओं को सक्रिय करने वाले योग आसनों से न केवल याददाश्त बढ़ती है, फोकस्ड रहने में भी मदद मिलती है।




### बनते हैं इमोशनली स्ट्रॉन्ग

बच्चो, क्या तुम्हें भी जल्दी गुस्सा आ जाता है? कोई मजाक बनाए तो रो पड़ते हो? थोड़ी देर के लिए भी अकेले रहने में घबराहट होती है? स्विमिंग, साइकिलिंग, स्केटिंग जैसी किसी नई स्किल को सीखने में डर लगता है? अगर ऐसा है तो योग को अपने रुटीन का हिस्सा बनाकर तुम इमोशनली स्ट्रॉन्ग बन सकते हो। बच्चो, इमोशनल बैलेंस से हमें किसी भी एक्टिविटी को करने में डर नहीं लगता। इमोशनली स्ट्रॉन्ग होने से हर काम को रचनात्मक ढंग से सीखने-समझने की अप्रोच आती है।

असल में योग एक सधी हुई टेक्निक-सी है। यह हमें ऊर्जावान, खुशहाल और सकारात्मक सोच का धनी बनाता है। साथ ही गुस्सा, ईर्ष्या, उदासी और डर जैसी नकारात्मक भावनाओं से भी बचाती है। *

## योग अपनाएं!


एआई इमेज

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

जीवन में हो योग योग का,
मिट जाएगा नाम रोग का।
अद्भुत शांति योग से मिलती,
खुशियाली की बगिया खिलती।
घोर तनाव सदा घटता है,
और लचीलापन बढ़ता है।
प्रतिरोधक क्षमता यह देता,
विकृतियों को है हर लेता।
मन-शरीर दोनों को जोड़े,
गलतफहमियां सारी तोड़े।
नियमित जब अभ्यास करेंगे,
तन में ऊर्जा नई भरेंगे।
ठीक देर तक कभी न सोना,
समय योग का तुम मत खोना।
सुंदर अपना स्वास्थ्य बनाएं,
बच्चो, चलो योग अपनाएं।

फीलिंग्स

# लव यू पापा!

हमारे पापा हमें बहुत प्यार करते हैं। वे हर कदम पर हमारा हौसला बढ़ाते हैं, हमें मोटिवेट और इंस्पायर करते हैं। उनके साथ बिताए गए पल स्पेशल-मेमोरेबल हो जाते हैं। फादर्स-डे के अवसर पर टीवी के दो चाइल्ड आर्टिस्ट्स अपने पापा के साथ की स्पेशल मेमोरीज, उनकी सीख **बालभूमि** के साथ शेयर कर रहे हैं। यह भी बता रहे हैं, इस फादर्स-डे पर उनकी क्या खास प्लानिंग्स हैं।

### मेरे लिए पापा से बेहतर कोई नहीं : अथर खान



सोनी सब चैनल पर हाल ही में शुरू हुए पौराणिक धारावाहिक 'हस्तिनापुर के वीर' में अथर खान किशोर युधिष्ठिर की भूमिका निभा रहा है। इस किरदार में वह दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है। फादर्स-डे के खास मौके पर अथर अपने पिता से जुड़ी कुछ खूबसूरत यादों के बारे में बताता है, 'वैसे तो मेरे लिए पापा के साथ बिताया हुआ हर पल खास होता है। मेरी सबसे प्यारी यादों में से एक पल वह है, जब मेरी एक बर्थ-डे पर पापा के साथ मैंने जमकर डांस किया था। हमारे रिलेटिव्स और फ्रेंड्स ने हमें चीयर किया था। मेरे लिए मेरे पापा से बेहतर कोई और नहीं हो सकता।' अपने पापा की कही कुछ बातें अथर के लिए लाइफ लेसंस की तरह हैं, ये बातें कौन-सी हैं, वह बताता है, 'पापा ने मुझे दो बहुत जरूरी बातें सिखाई हैं। पहली, अपना काम हमेशा दिल और मेहनत से करो। साथ ही काम में एक ईमानदारी भी हो। पापा की दूसरी सीख यह है कि जिंदगी में सफलता के बाद कभी घमंड नहीं करो। घमंड में आकर इंसान नीचे आना शुरू कर देता है।' फादर्स-डे के लिए अथर का क्या स्पेशल प्लान है, वह बताता है, 'इस दिन मैं पापा के साथ पूरा डे-आउट प्लान करूंगा। उनके साथ घूमूंगा, लंच और डिनर भी करूंगा।' फादर्स-डे के मौके पर अथर का अपने पापा के लिए क्या मैसेज है, वह बताता है, 'पापा, मेरे लिए आप बहुत मेहनत करते हैं। हमेशा मेरा हौसला बढ़ाते हैं। पढ़ाई हो, शूटिंग हो या फिर कुछ और, हर परिस्थिति में मेरा साथ देते हैं। लव यू पापा! हैप्पी फादर्स-डे!' *

### इंस्पायर करती हैं पापा की बातें : हरिति जोशी



सन नियो चैनल के शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में तारा के किरदार में हरिति जोशी ने दर्शकों का दिल जीत रखा है। अपने पापा से जुड़ी स्पेशल मेमोरी शेयर करते हुए वह बताती है, 'एक बार मैं अपने पापा और पूरी फैमिली के साथ घूमने गई थी। उस दिन हमने साथ में गेम्स खेले, खूब मस्ती की। बहुत सारी तस्वीरें खिंचवाईं और अपनी पसंदीदा चीजें भी खाईं। हम सबने मिलकर इतना अच्छा टाइम स्पेंड किया कि वह दिन मेरी सबसे खूबसूरत यादों में शामिल हो गया।' हरिति को अपने पापा की कही बातें बहुत इंस्पायर करती हैं, वह बताती है, 'मेरे पापा कहते हैं, अपने काम हमेशा मेहनत और ईमानदारी से करना चाहिए। मेहनत और ईमानदारी से किया गया काम कभी बेकार नहीं जाता।' फादर्स-डे के लिए हरिति ने क्या कुछ स्पेशल प्लान किया है, वह बताती है, 'इस बार फादर्स-डे पर मैं अपने पापा के लिए हाथ से बनाया हुआ एक सुंदर-सा कार्ड और एक छोटा-सा गिफ्ट दूंगी। मैं उनके साथ पूरा दिन स्पेंड करूंगी ताकि उन्हें महसूस हो कि वे मेरे लिए कितने स्पेशल हैं।' फादर्स-डे पर हरिति का अपने पापा के लिए स्पेशल मैसेज है, 'पापा, आप मेरे सबसे बड़े हीरो हैं। आप हमेशा मेरा साथ देते हैं, मुझे हिम्मत देते हैं। मेरे हर सपनों पर फेथ करते हैं। इससे मुझे आगे बढ़ने की ताकत मिलती है। हैप्पी फादर्स-डे, पापा! आई लव यू!' *

प्रस्तुति : बालभूमि फीचर्स

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

## पर्यावरण संरक्षण की सीख देती रोचक कहानियां

बच्चो, तुम्हारे लिए मजेदार शीर्षक वाली एक नई किताब आई है-'जंगल गाने लगा।' इस किताब में तुम्हारे लिए चार बड़ी रोचक कहानियां हैं। शीर्षक कहानी में हाथियों के आतंक से गांव वाले बहुत परेशान थे। एक दिन गांव वालों ने आपस में मिलकर तय किया कि वे रात में जागकर हाथियों को भगाने के लिए ढोल बजाएंगे और पटाखे छोड़ेंगे। उनकी तरकीब काम आई। हाथियों ने गांव में आना बंद कर दिया। इस तरह गांव वाले खुश थे। उन्हें लगने लगा जैसे कि पूरा जंगल गा रहा है, वे एकजुट होकर नाच रहे हैं। दूसरी कहानी 'हरियाली और खुशहाली' में दो भाइयों मोहन और सोहन ने मिलकर गांव में पहले तालाब खोदा फिर गांव के बुजुर्गों की सलाह और अन्य लोगों की मदद से पूरे गांव की तस्वीर ही बदल दी। अब गांव में हरियाली और खुशहाली दोनों एकसाथ दिखाई देने लगी। तीसरी कहानी 'बरगद की मौत' में बताया गया है कि शुद्ध पर्यावरण के लिए पेड़ों को न केवल लगाना जरूरी है, उनकी देखभाल करना भी जरूरी है ताकि वे बचे रहें। असल में गांव वालों की लापरवाही से हरा-भरा बरगद का पेड़ कटकर गिर गया था। इस घटना से गांव के बच्चों का मन बहुत आहत हुआ। उन्होंने मिलकर संकल्प लिया कि वे गांव में अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाकर उसे हरा-भरा बनाएंगे। अंतिम कहानी 'पेड़ों से श्रृंगार' भी पर्यावरण संरक्षण पर आधारित है। कहानी कहती है कि अगर धरती पर पेड़ रहेंगे, तो न केवल हम स्वस्थ- सुरक्षित रहेंगे, हमारी अगली पीढ़ी को भी इसका लाभ मिलेगा। जानवरों पर केंद्रित मुखपृष्ठ तो इतना आकर्षक है कि किताब देखते ही इसे उठाकर पढ़ने का मन करता है। *




**किताब:** जंगल गाने लगा (बालकथा संग्रह), **लेखक:** अंकुश्री
**मूल्य:** 125 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्यांजलि प्रकाशन, प्रयागराज

## जीके क्विज-210

1. देश के अगले आर्मी चीफ कौन होंगे?
2. 23वें फीफा वर्ल्ड कप 2026 का उद्घाटन कहां किया गया?
3. हाल में पीएम नरेंद्र मोदी को किस देश ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया?
4. भारतीय सेना में सर्वोच्च वीरता पुरस्कार कौन-सा है?
5. इसरो का मुख्यालय कहां स्थित है?
6. ताजमहल का निर्माण किस मुगल शासक ने करवाया था?
7. विश्व का सबसे छोटा महासागर कौन-सा है?
8. विद्युत धारा का एसआई मात्रक क्या है?
9. भारत का पहला सुपर कंप्यूटर कौन-सा था?
10. हॉकी में एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?



**बच्चो, जीके क्विज-210 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-209 का उत्तर :** 1.आर. प्रज्ञानंदा, 2.डी.के. शिवकुमार, 3.ऑस्ट्रेलिया और मलेशिया, 4.योगासन, 5.अश्विनी वैष्णव, 6.हाइड्रोजन, 7.कर्जन, 8.टोकोफेरॉल, 9.ग्यानिमिड, 10.21 जून


**जीके क्विज-209 का सही उत्तर देने वाले :** डिंपल-गरियाबंद, कबीर-हिसार, साहिल-ईमेल से, हरि कृष्ण-लुधियाना, कमल-रायपुर, सुदीप-बिलासपुर, प्रिया-बलौदा बाजार, सुमंत-महासमुंद, जिया-दुर्ग, किशन-रोहतक, संचिता-भोपाल



कहानी
हरीश कुमार 'अमित'

जरा-सी तबीयत बिगड़ी नहीं कि वैभव स्कूल जाना बंद कर देता। वह छोटी-छोटी तकलीफों को बहुत बड़ी तकलीफ मान लेता था। लेकिन एक दिन जब उसने देखा, पापा के हाथ में फ्रैक्चर होने पर भी उन्होंने अपने काम बंद नहीं किए, बोले, 'शो मस्ट गो ऑन!' वैभव को यह बात कितनी समझ में आई, क्या उसमें कोई बदलाव आया?

# पापा ने कहा शो मस्ट गो ऑन!


एआई इमेज

वैभव पिछले दो दिनों से स्कूल नहीं जा रहा था, क्योंकि उसके दांत में दर्द था। हालांकि दर्द हल्का ही था, बहुत तेज नहीं था, लेकिन जब मम्मी ने दांत पर लौंग का तेल लगा दिया तो दर्द और कम हो गया था, लेकिन वैभव की आदत थी कि वह ऐसी छोटी-मोटी तकलीफों को भी बहुत बड़ी समस्या मान लेता था। अब दांत के इसी दर्द के कारण वह न सिर्फ स्कूल से छुट्टी पर था, बल्कि शाम को दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने भी नहीं जा रहा था।

वैभव को कभी हल्का-सा बुखार हो जाता या छोटी-मोटी चोट लग जाती या फिर हल्का-सा पेटदर्द हो जाता, वह स्कूल जाना और दोस्तों के साथ खेलना बंद कर देता था। सारा दिन बीमारों की तरह बिस्तर पर ही पड़ा रहता था। मम्मी-पापा उसे बहुत समझाते कि इस तरह की छोटी-मोटी तकलीफों को इतना बड़ा समझना ठीक नहीं है, मगर उनकी इन बातों का उस पर कोई असर नहीं होता था।

शाम को वैभव बिस्तर पर लेटकर टीवी देख रहा था, तभी पापा अपनी दुकान बंद करके घर वापस आए। उसके पापा संगमरमर की मूर्तियों का व्यापार करते थे। वैभव ने देखा कि उनकी दाईं कलाई पर प्लास्टर लगा हुआ है। मम्मी के पूछने पर पापा ने बताया, 'दोपहर को दुकान के शेल्फ में रखते वक्त एक बड़ी मूर्ति मेरी दाईं बांह पर गिर गई थी। खून तो नहीं निकला, लेकिन चोट के कारण कलाई में बहुत तेज दर्द होने लगा, मुझे डॉक्टर के पास जाना पड़ा। डॉक्टर ने मुआयना करके एक्स-रे करवाया तो पता चला कि मेरी दाईं कलाई में हल्का-सा फ्रैक्चर हो गया है। इसलिए डॉक्टर ने मेरी कलाई पर चार हफ्ते के लिए प्लास्टर लगा दिया है।' यह सब जानकर वैभव ने पूछा, 'पापा, अब तो चार हफ्ते तक दुकान बंद रहेगी न!'

'बंद क्यों रहेगी दुकान?' पापा हैरानी से बोले।

'क्योंकि, आप चार हफ्ते तक दुकान पर जा नहीं सकेंगे न।' वैभव बोला।

उसकी बात सुनकर पापा ने जानना चाहा, 'यह तुमसे किसने कहा कि मैं अगले चार हफ्ते तक दुकान पर नहीं जा पाऊंगा?'

'आपको चोट जो लगी है न पापा, आपको प्लास्टर भी लगा हुआ है।' वैभव ने जवाब दिया।

'ठीक है बेटा, चोट लगी है और प्लास्टर भी लगा है, लेकिन इसका मतलब यह तो नहीं कि मैं चार हफ्ते के लिए दुकान बंद करके घर पर बैठ जाऊं।' पापा धीरज के साथ बोले।

'लेकिन पापा, फिर आप ठीक कैसे होंगे?' वैभव को पापा की बात समझ में नहीं आ रही थी।

'बेटा, डॉक्टर ने मुझे पूरे चार हफ्ते के लिए बिस्तर पर आराम करने के लिए थोड़ी न कहा है! बांह पर लगे प्लास्टर का ध्यान रखते हुए मैं सब काम करता रहूंगा। दुकान पर भी जाऊंगा। हां, अगर किसी से थोड़ी-बहुत मदद लेनी पड़ी तो जरूर लूंगा। बेटा, चाहे कैसी भी रुकावटें हों, कोई काम नहीं रुकना चाहिए। शो मस्ट गो ऑन!' पापा मुस्कराते हुए बोले।

थोड़ी देर बाद वैभव ने देखा कि पापा ने बाएं हाथ से अपने जूते उतारे और मुंह-हाथ धोकर कपड़े बदले। फिर टीवी का रिमोट उठाकर कुर्सी पर बैठ गए और बाएं हाथ से टीवी के चैनल बदलने लगे। मम्मी पानी का गिलास लेकर आईं तो उन्होंने बाएं हाथ से गिलास ले लिया। फिर थोड़ी देर बाद चाय के मग को भी बाएं हाथ से पकड़ा। रात का खाना भी उन्होंने उसी हाथ से खाया। पापा को अपना बायां हाथ इस्तेमाल करते हुए देख वैभव यही सोच रहा था कि दाईं कलाई पर चोट लगी होने के कारण पापा बाएं हाथ का प्रयोग कर रहे हैं।

अगली सुबह पापा को दुकान पर जाने के लिए तैयारी करते देख वैभव बिस्तर से उतरा और रसोई में काम कर रहीं मम्मी के पास जाकर बोला, 'मम्मी, मेरा स्कूल का टिफिन भी तैयार कर देना, मैं स्कूल जाऊंगा।'

'लेकिन तुम्हारे दांत का दर्द अब ठीक है क्या?' मम्मी को मालूम था कि ऐसी कोई छोटी-मोटी तकलीफ होने पर वैभव तीन-चार दिनों तक स्कूल नहीं जाता था।

'मम्मी, दर्द तो हल्का-सा है अभी, लेकिन मुझे पापा ने बहुत बड़ी सीख दे दी है। पापा बांह में फ्रैक्चर होने पर भी सभी काम कर रहे हैं, दुकान पर भी जा रहे हैं, तो फिर मैं इस हल्के-से दांत दर्द की वजह से क्यों घर बैठा रहूं? मुझे समझ आ गया है- शो मस्ट गो ऑन!'

बाहर वॉश बेसिन के सामने बाएं हाथ से दाढ़ी बनाते हुए पापा ने वैभव के मुंह से यह सब सुना तो मुस्कुरा पड़े। *


एआई इमेज

कविता
सिराज अहमद

## मैं पापा की जान

पापा मेरे सच्चे साथी
मैं पापा की जान।
कभी-कभी गुस्सा करते हैं
जब गलती हो जाए
लेकिन अगले पल हंसकर
मुझको गले लगाएं
चीजें मुझे दिलाएं सारी
ले जाकर दुकान।
उनके कंधों पर मैं बैठूं
जब भी मेले जाऊं
दुनिया देखूं, ऐसी खुशियां
और कहीं न पाऊं
पापा अक्सर कहते मुझसे
मैं उनकी पहचान।
मेहनत और मशक्कत से वह
बिल्कुल न घबराते
कभी टेंशन में रहते भी
हमको नहीं बताते
प्यारे पापा आप हमारे
इस घर की हैं शान।

## रंग भरो-204

**रंग भरो-204** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




दिव्या, बिलासपुर


आयांश, दुर्ग


पलक, अटेली मंडी


नंदिनी, उमरिया


साक्षी, रायपुर


सिद्धि, राजनांदगांव

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

वर्णिका-खैरागढ़, दिशा-बिलासपुर, श्रेया-दुर्ग, सचिन-रोहतक, रोहित-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, डॉली-दुर्ग, दीपक-जांजगीर, सौम्या-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, कुणाल-करनाल, प्रिया-कोरबा

## रंग भरो 205



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में हर्ष और खुशी अपने पापा को फादर्स-डे के मौके पर गिफ्ट दे रहे हैं। इस प्यारे-से चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### महिला जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति की मांग की

**भिवानी।** सैनी विचार मंच इंडिया के राष्ट्रीय संयोजक सुरेश सैनी ने समाधान शिविर में शिकायत दर्ज कराते हुए नप, जिप तथा अन्य प्रशासनिक विभागों द्वारा आयोजित बैठकों में निर्वाचित एवं मनोनीत महिला जनप्रतिनिधियों की स्वयं उपस्थिति सुनिश्चित करने की मांग उठाई है।

### दिल्ली के डॉक्टरों ने 160 मरीजों को जांचा

**भिवानी।** समाज सेवा, स्वास्थ्य सेवा और राष्ट्र सेवा के क्षेत्र में नित नए क्षितिज तलाश करने और बुलंदी तक पहुंचने का कीर्तिमान स्थापित करने वाली संस्था भिवानी परिवार मैत्री संघ (बीपीएमएस) के 41वें निःशुल्क नेत्र एवं चिकित्सा शिविर में मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर में शिविर में दिल्ली के 160 मरीजों की जांच की तथा 25 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन हुआ।

### समागम में श्रद्धालुओं की भीड़ उम्मड़ी

**भिवानी।** बाग कोठी स्थित विधायक घनश्याम सर्राफ के कार्यालय परिसर में इन दिनों भक्ति, श्रद्धा और दिव्य ऊर्जा का अद्भुत माहौल देखने को मिल रहा है। स्वामी फकीरानंद महाराज के सान्निध्य में सात दिवसीय भव्य सत्संग एवं दुःख निवारण समागम वीरवार को अपने 5वें दिन भी पूरी दिव्यता के साथ जारी रहा। समागम में स्वामी के दर्शन, उनके मुखारविंद से प्रवाहित हो रही ज्ञानगंगा का रसपान करने और अपने कष्टों के निवारण के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ रहा है।

### योग दिवस को लेकर विशेष रिहर्सल आज

**चरखी दादरी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर प्रशासन की ओर से की जा रही तैयारियों के तहत शुक्रवार 19 जून को सुबह 6 बजे से नई अनाज मंडी परिसर में विशेष रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर नोडल आयुष विभाग की ओर से मंडी परिसर में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### 21 जून को स्वर्ण जयंती पार्क में मनेगा योग दिवस

**लोहारू।** 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शहर के प्रमुख स्वर्ण जयंती पार्क में योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्रशासन द्वारा इस कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं। योग दिवस कार्यक्रम की इसी निरंतरता में आगामी 19 जून को भी स्वर्ण जयंती पार्क में एक विशेष योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में एसडीएम मनोज दलाल मुख्यातिथि होंगे।

### धरने और प्रदर्शन पर रोक लगाने की निंदा

**भिवानी।** हरियाणा सरकार द्वारा सितंबर तक प्रदेश में धरना, प्रदर्शन एवं रैलियों पर रोक लगाने के आदेश की केंद्रीय मजदूर संगठन-आल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर ने कड़े शब्दों में निंदा की है। एआईयूटीयूसी जिला सचिव कामरेड राजकुमार बासिया ने कहा कि सरकार का यह आदेश मजदूर-कर्माचारियों के खिलाफ है।

---

## समाधान शिविर में गूंजी बदहाल सड़कों की पुकार, जनता परेशान

# ठेकेदार पर कई टेंडर होने के चलते आम जनता को रही समस्या : मान


**पूर्व जिला पार्षद मान ने खोला टेंडर माफिया के खिलाफ मोर्चा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

समाधान शिविर में वीरवार को उस समय हड़कंप मच गया जब पूर्व जिला पार्षद ईश्वर सिंह मान ग्रामीण अंचल की खस्ताहाल सड़कों व विकास कार्यों में हो रही देरी का मुद्दा लेकर उपायुक्त के समक्ष पहुंचे। उन्होंने समाधान शिविर में तीन अलग-अलग मांगपत्र सौंपते हुए जिला परिषद और मार्केटिंग बोर्ड के अधीन आने वाली मुख्य संपर्क मार्गों की दुर्दशा का पूरा कच्चा चिट्ठा खोलकर रख दिया। बरसात का मौसम सिर पर होने पर इन सड़कों की जर्जर हालत और ठेकेदारों की लापरवाही पर पूर्व जिला पार्षद मान ने तीखा आक्रोश व्यक्त किया है।

शिविर में सौंपे शिकायत पत्र में पूर्व जिला पार्षद ईश्वर मान ने सीधे तौर पर ठेकेदारों और प्रशासनिक ढिलाई को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने व्यवस्था पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि एक ठेकेदार दर्जनों टैंडर ले लेता है, जिसके चलते समय पर काम नहीं हो पाता। ये ठेकेदार रसूख और सांठगांठ के बल पर विकास कार्यों के टेंडर तो अपने नाम करवा लेते हैं, लेकिन उनके पास पर्याप्त संसाधन भी नहीं होते, वे सभी जगह काम थोड़ा-बहुत शुरू करके उसे अधूरा छोड़ देते हैं, जिसका सीधा और बेहद दर्दनाक खामियाजा केवल और केवल ग्रामीण और आम जनता को भुगतना पड़ता है। मान द्वारा प्रशासन को सौंपे गए मांग पत्रों के अनुसार भिवानी के तीन मुख्य संपर्क मार्ग इस समय नारकीय स्थिति में हैं। मान ने कहा कि जिला परिषद भिवानी के अधीन आने वाली देवराला गांव से हसान गांव मार्ग एक वर्ष से पूरी तरह टूट-फूट कर मिट्टी और बालू रेत में मिल चुकी है। स्थिति इतनी गंभीर है कि अब यहां सड़क का नामोनिशान भी नहीं बचा है। आसपास के कई गांवों के लोगों को इस मार्ग से गुजरते समय भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राहगीर और वाहन चालक हर दिन हादसों का शिकार हो रहे हैं।





भिवानी। खस्ताहाल गांव देवराला से हसान सड़क मार्ग, खस्ताहाल गांव तालु के वॉटर वर्कर्स से कुंगड़ सड़क मार्ग व समाधान शिविर में शिकायत रखते पूर्व जिला पार्षद ईश्वर मान।

### टूटी सड़कों को ठीक करवाएं

मान ने जिला प्रशासन को चेताया कि बरसात का मौसम बिल्कुल नजदीक है, अगर बारिश शुरू होने से पहले इन अधूरी और टूटी सड़को को ठीक नहीं किया तो गांवों का संपर्क पूरी तरह कट जाएगा, जिससे स्थिति और भी भयानक हो जाएगी। उन्होंने उपायुक्त से जनहित में जिला परिषद और मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों को तुरंत कड़े आदेश पारित करने का आग्रह किया, ताकि उक्त सड़कों की रिपेयरिंग और निर्माण कार्य को युद्धस्तर पर शुरू करवाकर क्षेत्रवासियो को आवागमन के लिए राहत दी जा सके।

### छह महीनों से अधूरा पड़ा है काम

मान ने बताया कि जिला परिषद ने सड़क का एस्टीमेट बनाकर टेंडर लगा दिया है, लेकिन लंबे समय से ठेकेदार ने जमीनी स्तर पर काम शुरू ही नहीं किया। वहीं मार्केटिंग बोर्ड के कार्यक्षेत्र में आने वाली हसान से सिधनवा गांव की सड़क का कार्य छह महीनों से अधूरा पड़ा हुआ है। ठेकेदार द्वारा काम बीच में ही लटका देने के कारण ग्रामीणों को बेहद कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए दूसरे गांवों से घूमकर लम्बा चक्कर काटना पड़ता है, जिससे जनता का समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहे हैं।

---

# कचरा अलग नहीं किया तो गाड़ी नहीं उठाएंगी कूड़ा

- आंकड़ों मे हेरफेर रोकने के लिए अपलोड होगी रिपोर्ट
- कचरा प्रबंधन नियम लागू, अब घर-दुकान में रखने होंगे चार डस्टबिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों पर जिला में नया ठोस कचरा प्रबंधन नियम 1 अप्रैल 2026 से (एसडब्ल्यूएम-2026) पूरी तरह लागू कर दिया गया है। इसके तहत अब हर नागरिक और दुकानदार को कचरा अलग-अलग (सोर्स सेग्रिगेशन) करके ही देना होगा। ऐसा न करने पर नगर परिषद की गाड़ियां कचरा उठाने से मना कर देंगी और नियम तोड़ने वालों पर जुर्माना भी लगाया जा सकता है। नए नियमों के अनुसार अब घरों और दुकानों में दो की जगह चार डस्टबिन रखने होंगे। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद नियमों का कड़ाई से पालन करवाने के लिए उपायुक्त मनदीप कौर की अध्यक्षता में एक स्पेशल मॉनिटरिंग सेल का गठन किया गया है। यह सेल हर 15 दिन में जिला की सफाई व्यवस्था की प्रोग्रेस रिपोर्ट तैयार कर सरकार को भेजेगी। नियमों के अनुसार व्यावसायिक संस्थानों को सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) के पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। कचरा कलेक्शन से प्रोसेसिंग तक की पूरी जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर लाइव अपलोड करनी होगी। सीधे तौर पर अधिकारियों की जवाबदेही तय करेंगे।

### होगी समीक्षा

नए नियम केवल जनता के लिए ही नहीं बल्कि संबंधित विभागों की जवाबदेही तय करने के लिए भी बनाए गए हैं। उपायुक्त हर तीन महीने में नप के कामकाज की समीक्षा करेंगे। शहरों में मुख्य डंपिंग प्वाइंट पर वर्षों से जमा लाखों टन पुराने कचरे के ढेरों को खत्म करने के लिए बायोमाइनिंग और बायोरेमेडिएशन को अनिवार्य किया गया है। उपायुक्त स्वयं डंप साइट और कचरा प्रोसेसिंग प्लांटों की प्रगति की निगरानी करेंगे।

### खुद का लगाए प्लांट

कोई भी मॉल, यूनिवर्सिटी, बड़ा अपार्टमेंट, सरकारी दफ्तर या होटल जो करीब 5 एकड़ या उससे अधिक क्षेत्र में फैला हुआ है। वह इस श्रेणी में शामिल होगा। जो संस्थान रोजाना 40 हजार लीटर से अधिक पानी का उपयोग करते हैं और जहां 100 किलो से ज्यादा कचरा निकलता है, वे श्रेणी में है। ऐसे बड़े संस्थानों को अपना गीला कचरा खुद ही प्रोसेस करना होगा। वे नप के भरोसे कचरा नहीं छोड़ सकते। उन्हें अपने परिसर में खाद बनाने का प्लांट या बायोगैस प्लांट लगाना होगा।

### अलग-अलग रंगों के चार डस्टबिन, जानें इनका इस्तेमाल

- ⏭ गीला कचरा (हरा डिब्बा)- रसोई का बचा हुआ खाना, चाय की पत्ती, सब्जी और फलों के छिलके।
- ⏭ सूखा कचरा (नीला डिब्बा)- प्लास्टिक की थैलियां, गत्ता, रद्दी कागज और कांच की बोतलें।
- ⏭ सैनिटरी वेस्ट (लाल डिब्बा)- बच्चों के डायपर और सैनिटरी पैड। इन्हें पॉलीथिन में अलग से लपेटकर देना होगा।
- ⏭ खतरनाक कचरा (काला डिब्बा)- खराब बिजली उपकरण, बैटरियां और एक्सपायर्ड दवाइयां।

---

# बच्चों को पेड़ों का महत्व बताया

- प्रकृति के बीच सीखने का अनूठा अनुभव : ग्रीन समर कैंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

वीर शहीद कैप्टन ओपी दलाल राजकीय उच्च विद्यालय घुसकानी में मुख्याध्यापक कृष्ण कुमार के दिशा-निर्देशन तथा यूथ एंड फालसा ईको क्लब के नोडल अधिकारी विनोद पिंकू की देखरेख में सात दिवसीय मिशन लाइफ ग्रीन समर कैंप का आयोजन किया गया। कैंप के दौरान बच्चों को बाबा मनसा गिरी मंदिर घुसकानी परिसर में प्रकृति भ्रमण करवाया गया। इस अवसर पर बच्चों को जैव विविधता अध्ययन के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान बच्चों को पेड़ों के महत्व की जानकारी दी गई।




भिवानी। समर कैम्प के दौरान त्रिवेणी के बारे में जानकारी देते शारीरिक शिक्षक पींकू।

### नीम, पीपल और बरगद का औषधीय महत्व बताया

नोडल अधिकारी विनोद पिंकू ने बताया कि अपने आसपास के पेड़-पौधों, पक्षियों, जानवरों तथा अन्य जीवों को पहचानना और उनके महत्व को समझना ही जैव विविधता अध्ययन कहलाता है। प्रकृति भ्रमण के दौरान बच्चों को नीम, पीपल और बरगद जैसे वृक्षों के पर्यावरणीय एवं औषधीय महत्व से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि पेड़ हमारे सच्चे मित्र हैं तथा इन्हें प्रकृति के फेफड़े भी कहा जाता है क्योंकि ये हमें शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। वृक्षों से अनेक प्रकार की औषधियाँ भी प्राप्त होती हैं, जो मानव जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। उन्होंने बच्चों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने, उनकी देखभाल करने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का संदेश दिया। ग्रीन समर कैंप के माध्यम से स्कूली बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक एवं प्रकृति से जोड़ने का यह एक सराहनीय प्रयास है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने प्रकृति संरक्षण की शपथ भी ली तथा पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया।

### शिविर में उपायुक्त ने सुनीं जन समस्याएं

**चरखी दादरी।** लघु सचिवालय में वीरवार को उपायुक्त मनदीप कौर की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में उपायुक्त ने आमजन की समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। समाधान शिविर में विभिन्न मुद्दों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई हुई। उपायुक्त ने संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी स्वयं ऐसी शिकायतों पर संज्ञान लें और शिकायतकर्ता की संतुष्टि को ध्यान में रखते हुए समाधान करवाएं, ताकि वही शिकायत दोबारा न खुले। उन्होंने कहा कि आमजन प्रशासन पर विश्वास करके अपनी समस्याएं लेकर आते हैं, इसलिए प्राथमिकता के आधार पर लोगों की छोटी से छोटी समस्या का भी समाधान किया जाना चाहिए।

# जोगेंद्र ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष बने

- कांग्रेस पार्टी में ही कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान सुरक्षित : ग्रेवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

गांव बामला के पूर्व सरपंच जोगेंद्र ग्रेवाल को कांग्रेस का भिवानी ग्रामीण ब्लॉक का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह द्वारा जारी सूची में उन्हें ये जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी एवं प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने जो मुझे जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी ईमानदारी एवं कर्तव्य निष्ठा से पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष जोगेंद्र ग्रेवाल ने कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ भिवानी जिले में गांव गांव जाकर कांग्रेस पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की पहली प्राथमिकता रहेगी और पार्टी की नीतियों को आगे बढ़ाया जाएगा।




भिवानी। पूर्व सरपंच जोगेंद्र ग्रेवाल को ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त करने पर स्वागत करते कांग्रेसी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### भाजपा सरकार ने योजनाएं की बंद

ग्रेवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में ही कार्यकर्ताओं का मान सम्मान सुरक्षित है, कांग्रेस के शासनकाल में 36 बिरादरी के लिए अनेक योजनाएं लागू की थी, जिनका फायदा लगातार मिलता रहा था, लेकिन प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद उन सभी योजनाओं को बंद कर दिया है। उन्होंने अपनी नियुक्ति पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, देश के विपक्ष नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह का आभार जताया। इस मौके अरविंद ढिल्लू बामला, जिला पार्षद रूपेंद्र ग्रेवाल, मुकेश रंगा, प्रदीप निनान, दयानंद नौरंगाबाद, राकेश पालुवास, चिना निनान, धीरपाल आदि मौजूद रहे।

---



### नवनियुक्त भिवानी शहरी ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश कौशिक का किया स्वागत

**भिवानी।** रोहतक रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय में वीरवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया, जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम कांग्रेस के शहरी जिलाध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी के नेतृत्व में आयोजित किया। समारोह का मुख्य उद्देश्य कांग्रेस के नवनियुक्त भिवानी शहरी ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश कौशिक का स्वागत और सम्मान करना था। समारोह के दौरान शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप जोगी की अगुवाई में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश कौशिक को फूल-मालाएं पहना व बुके भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदीप जोगी ने कहा कि दिनेश कौशिक को भिवानी शहरी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने से संगठन को एक नई ऊर्जा मिलेगी। इस अवसर पर नरेश तंवर जीएम, ईश्वर शर्मा उपाध्यक्ष, संजय गांधी, विरेंद्र वाल्मीकि, शिवकुमार चांगिया, प्रकाश भाट, बिजेंद्र सिवाच, लक्ष्मण वर्मा, राजकुमार सोलंकी, रमेश मास्टर आदि मौजूद रहे।

# रानी लक्ष्मीबाई को किया नमन

- रानी लक्ष्मीबाई का जीवन प्रत्येक भारतीय को राष्ट्रसेवा एवं स्वाभिमान की प्रेरणा देता : रीतिक वधवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भारतीय वसुंधरा को अपने वीरोचित भाव से गौरवान्वित करने वाली झांसी की रानी लक्ष्मीबाई सच्चे अर्थों में वीरांगना ही थी, उक्त शब्द भाजपा के पूर्व प्रदेश सहमीडिया प्रमुख रीतिक वधवा ने प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहे।

वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के शौर्य और वीरता को याद करते हुए रीतिक वधवा ने कहा कि प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की अमर वीरांगना, अदम्य साहस और पराक्रम की प्रतीक रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर नमन किया। उन्होंने कहा कि मातृभूमि की स्वाधीनता के लिए झांसी की रानी का सर्वोच्च बलिदान और अद्वितीय शौर्य भारतीय इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित है। इस असवर पर किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अशोक तिगड़ी, भूपेंद्र तिगड़ी व निरंजन तिगड़ी ने भी माल्यार्पण कर लक्ष्मीबाई को नमन किया।



भिवानी। झांसी की रानी को नमन करते भाजपाई। फोटो : हरिभूमि

### विद्यार्थियों ने बनाए सीड बॉल और पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



**भिवानी।** यूथ एंड इको क्लब फॉर मिशन लाइफ कार्यक्रम के अंतर्गत जिला परियोजना संयोजक, समग्र शिक्षा के मार्गदर्शन में जिले के सरकारी विद्यालयों में कक्षा छह से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए किए जा रहे सात दिवसीय ग्रीन समर कैंप की श्रृंखला में राजकीय वमा विद्यालय कोंट में कैंप का शुभारंभ किया। कैंप का उद्घाटन प्राचार्य जगदीशचंद्र व यूथ एंड इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के जिला कोऑर्डिनेटर कमल शर्मा ने किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता तथा सतत विकास के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। कमल शर्मा ने ग्रीन समर कैंप के उद्देश्यों एवं गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। शर्मा ने विद्यार्थियों को सीडबॉल बनाने की विधि सिखाई तथा सभी बच्चों से सीडबॉल तैयार करवाए। उन्होंने बताया कि इन सीडबॉल को खाली स्थानों, जंगलों अथवा यात्रा के दौरान उपयुक्त स्थानों पर फेंका जा सकता है, जो वर्षा ऋतु में अंकुरित होकर पौधों का रूप ले लेते हैं और पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

---

## त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए निर्देश

# समाधान शिविर में डीडीपीओ सोमबीर कादयान ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

**सभी विभाग शिकायतों के निस्तारण में संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करें**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में वीरवार को लघु सचिवालय में स्थित डीआरडीए सभागार में समाधान शिविर का आयोजन हुआ। समाधान शिविर की अध्यक्षता डीडीपीओ सोमबीर कादयान ने की। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करना है, इसलिए सभी विभाग शिकायतों के निस्तारण में संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करें। वहीं समाधान शिविर में पहुंचे सुरेश सैनी ने अपनी समस्या के हल होने पर जिला प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के निवारण के लिए एक प्रभावी पहल साबित हो रहे हैं। समाधान शिविर में डीडीपीओ के समक्ष पूर्व पार्षद ईश्वर मान ने गांव देवराला से हसान, हसान से सिधनवा तथा तालु से कुंगड़ तक क्षतिग्रस्त सडक़ों का पुनर्निर्माण करवाने, इसके अलावा सड़क किनारे झांडियां कटवाने, गैर सरकारी सदस्य सुनील वर्मा नंबरदार ने भिवानी शहर के जैन चौक और पुलिस चौकी के पास सीवर ओवरफ्लो की समस्या रखी।



भिवानी। आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए।

### डीडीपीओ ने समस्याओं को गौर से सुना

डीडीपीओ के समक्ष सिरसा घोघड़ा निवासी अनिल ने गली से पानी के निकासी करवाने व बिजली लाइन को बामला से जोडने, जमालपुर निवासी ओम प्रकाश ने मकान में दरार आने पर नुकसान का सर्वे करवाने, सुई निवासी श्यामसुंदर ने खेत में से मोटर चोरी होने पर एफआईआर दर्ज करवाने, राजेश बदर बनाकर इंतकाल दर्ज करवाने, वार्ड नंबर 15 निवासी कविता, विनीत, सुनील ने नाले का पानी गली में ओवरफ्लो होने, संजय व शर्मिला ने परिवार पहचान पत्र में हुई त्रुटियों को सही करवाने की शिकायत रखीं। डीडीपीओ ने सभी नागरिकों की समस्याओं को गौर से सुना और समाधान के निर्देश दिएद्ध

### नप के खिलाफ फूटा पार्षद व आरडब्ल्यूए का गुस्सा, समाधान शिविर में दी शिकायत

**भिवानी।** नगर परिषद के अधिकारियों की कार्यप्रणाली के खिलाफ जनप्रतिनिधियों और आम जनता में आक्रोश चरम पर हैं। पिछले चार वर्षों से लगातार शिकायतें दर्ज करवाने के बावजूद अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी, तो थक-हारकर नागरिकों को समाधान के लिए सरकार के विशेष शिविर का दरवाजा खटखटाना पड़ा। वीरवार को समाधान शिविर में पहुंचे वार्ड नंबर-20 के पार्षद प्रदीप कौशिक के नेतृत्व में आरडब्ल्यूए सेवा नगर के प्रधान सुरेंद्र राणा और सदस्य भजनलाल दिसोदिया ने उपायुक्त को लिखित शिकायतें सौंप नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि व अधिकारियों की लापरवाही को उजागर किया और तुरंत समाधान की मांग की। शिविर में दी शिकायत में नागरिकों और पार्षद ने कहा कि नगर परिषद चेयरपर्सनन प्रतिनिधि व अधिकारियों के ढुलमुल रवैए के कारण जनता चार सालों से नारकीय जीवन जीने को मजबूर है। हाऊस मीटिंग में बार-बार अवगत करवाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसी के चलते समाधान शिविर में अधिकारियों के समक्ष भिवानी के सेवा नगर और वार्ड नंबर-20 की प्रमुख बुनियादी समस्याओं को प्रमुखता से रखा। पार्षद प्रदीप कौशिक और आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने सेवा नगर की मुख्य सड़क व अधूरी गलियों का निर्माण, दुर्गा बूस्टर की 10 साल से टूटी चारदीवारी, तीन प्रमुख ग्रीन बेल्टों से अतिक्रमण हटाकर सौंदर्यीकरण की समस्या मुख्य रूप से उठाई।



समाधान शिविर में शिकायत करने जाते पार्षद प्रदीप कौशिक व अन्य।

### नालों की तत्काल सफाई और मरम्मत करें: डीसी

**चरखी दादरी।** उपायुक्त मनदीप कौर ने संबंधित विभागों को पानी निकासी, सीवर नेटवर्क व नालों की तत्काल सफाई व मरम्मत के लिखित निर्देश जारी किए हैं और स्पष्ट किया है कि कार्य में कोताही के लिए संबंधित अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होंगे और उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। उपायुक्त ने जारी आदेशों में कहा है कि विभिन्न नालों, सीवर लाइनों, ड्रेनों और वर्षा जल निकासी प्रणालियों की स्थिति असंतोषजनक दिखाई देती है। कई स्थानों पर गाद, कूड़ा-कचरा, मलबा जमा होने और सीवर अवरोधों के कारण असुविधा हो रही है और जलभराव, अस्वच्छता और जन स्वास्थ्य संबंधी खतरे पैदा हो रहे हैं। उपायुक्त ने जल निकासी अवसंरचना के खराब रखरखाव पर अपनी नाराजगी व्यक्त की है।

## खबर संक्षेप



### साधकों ने चौथे दिन सीखी योग की विधियां

**भिवानी।** हुडा पार्क में महर्षि कपिल मुनि योगपीठ ट्रस्ट द्वारा चौथे दिन विशाल योग चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ। रोहतक से आए आचार्य दयाल सागर ने सैकड़ों योग साधकों के बीच योग की अनेक विधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज भारत बीमारियों का केंद्र बन गया है, हर घर में कोई न कोई बीमार जरूर है। महंत चरणदास ने बताया कि योग और प्राकृतिक जीवन को अपनाकर सब निरोग रह सकते हैं, जिसमें औषधि की आवश्यकता नहीं पड़ती और कोई रोग हो भी जाए तो वह प्राकृतिक चिकित्सा तथा आयुर्वेद के द्वारा ठीक हो सकता है।

### सीमा-विजेंद्र ने रक्तदान कर मनाई वर्षगांठ

**भिवानी।** शादी की सालगिरह को केक काटने और पार्टियों में पैसे खर्च करने की परंपरा से हटकर भिवानी के दंपति ने समाज में अनूठी मिसाल पेश की है। भिवानी निवासी सीमा व विजेंद्र ने अपनी शादी की सालगिरह के विशेष अवसर पर रक्तदान किया। शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने ब्लड बैंक में पहुंचकर रक्तदाता दंपति सीमा व विजेंद्र के इस जज्बे को सलाम करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीश मिताथल व राजेश डुडेजा ने कहा कि सीमा व विजेंद्र ने समाज को एक नई और सकारात्मक दिशा दिखाई।

### 2010 से पहले नियुक्त शिक्षकों पर संकट

**भिवानी।** देशभर के लाखों शिक्षकों के सेवा-अधिकारों और भविष्य पर मंडराते संकट को देखते हुए अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की जिला भिवानी इकाई ने केंद्र सरकार के समक्ष अपनी आवाज बुलंद की है। संगठन के पदाधिकारियों ने उपायुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री व केंद्रीय शिक्षामंत्री को मांगपत्र सौंपकर 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता से स्थायी रूप से मुक्त रखने की मांग की है। इससे पूर्व अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों ने स्थानीय हुडा पार्क में बैठक हुई।

# रक्तदान शिविर लगाकर व मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान कर वीर शहीदों को किया याद

### सम्मान एक प्रयास समिति ने कहा-महापुरुषों की जयंती को गैर-राजनीतिक रूप से मनाना ही ध्येय

### वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती पर राज्य स्तरीय सामाजिक समागम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

महान योद्धा, जननायक और आदर्श शासक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर गांव खरक में एक भव्य राज्यस्तरीय सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सम्मान एक प्रयास समिति के संस्थापक एवं अध्यक्ष प्रोफेसर राजेश लांग्यान ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि सोनीपत के डॉ. बीआर आंबेडकर लॉ यूनिवर्सिटी के कुलगुरू प्रोफेसर देविंद्र सिंह ने शिकरत की वही विशिष्ट अतिथि के तौर पर अधिवक्ता गजेंद्र परमार, डॉ. राजू बिबियान, कुलदीप सिंह घणघस, राजकुमार शर्मा, सुरेश कुमार सोनी, सोमबीर जांगड़ा, मा. सुनील रोहिल्ला, राजेश गोयल, डॉ. महेंद्र सिंह वैद, अधिवक्ता त्रिलोक सिंह नायक, मनोज कुमार जोगी, जयभगवान गुर्जर पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता परमार खाप-84 हरियाणा के उपप्रधान मान सिंह परमार ने की।






भिवानी। गांव खरक में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोग तथा मेधावियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष अनिल परमार, सयुंक्त सचिव प्रो. अजीत कुमार, कोषाध्यक्ष राहुल शर्मा, खरक से बलबीर फौजी, अशोक कुमार, विनोद पहलवान, डा. बृजपाल पप्पू, वेदपाल प्रधान, सरपंच राजकुमार, रिवाड़ीखेड़ा से रघुनाथ फौजी, बलबीर कलसन, दयापाल सिंह, सतबीर सरोहा, हवासिंह, परमजीत चौहान, अजीत सिंह, चांग से विजय बागड़ी व मास्टर जयबीर नफरिया, सैय से सत्यवान सैन, सुरेश शर्मा, राजकुमार परमार, जगजीत कटारिया, कलिंगा से अधिवक्ता रतन सिंह परमार, राजेश डीपीई, जीतू परमार, तिगड़ाना से सूर्यकांत दहिया, मंगेज सभ्रवाल, जादु लोहारी से कोच मैनपाल राठौड़, बौंद से अजय परमार, प्रमोद डीपीई, रविंद्र परमार, फूलपुरा से दिनेश तंवर व महाबीर सिंह, धनाना से रविंद्र प्रधान, कुडल से आनंद कुमार सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

#### कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के लिए रक्तदान शिविर

इस दौरान कैंसर जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारी से जूझ रहे पीड़ितों की सहायता के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया तथा 30 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इसके साथ ही ग्रामीणों के स्वास्थ्य को सर्वोपरि रखते हुए निःशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाया गया। जिसमें 175 ग्रामीणों के लिए कान, नाक, गला, आंख, दांत, हृदय, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन और फेफड़ों की कार्यक्षमता की अत्याधुनिक जांच की गई। मरीजों को फिजियोथेरेपी व न्यूरोथैरेपी सेवाएं प्रदान करने के साथ-साथ नशे के खिलाफ जागरूक करते हुए धूम्रपान छोड़ो किट भी बिल्कुल मुफ्त वितरित की गई।

#### महापुरुषों को दी जा रही सच्ची श्रद्धांजलि : प्रो. देविंद्र सिंह

इस मौके पर मुख्यअतिथि कुलगुरू प्रोफेसर देविंद्र सिंह ने सम्मान एक प्रयास समिति ने रक्तदान, स्वास्थ्य जांच शिविर व प्रतिभाओं के सम्मान से महापुरूषों की जयंती मनाने का जो बीड़ा उठाया है, वह ना केवल महापुरूषों को सच्ची श्रद्धांजलि है, बल्कि आमजन को समाजसेवा व प्रतिभाओं को अपने क्षेत्र में आगे लाने के लिए प्रेरित करना भी है। इस मौके पर सम्मान एक प्रयास समिति के संस्थापक एवं अध्यक्ष प्रोफेसर राजेश लांग्यान ने कहा कि संस्था का मुख्य ध्येय हर महापुरुष की जयंती को बिना किसी राजनीतिक रंग के, पूरी तरह से गैर-राजनीतिक रूप से मनाना है।

### गुरुद्वारा सिंह सभा घंटा घर में जुटी साध-संगत

# पांचवें गुरु अर्जन देव जी का शहीदी गुरु पर्व श्रद्धा से मनाया

#### मीठे ठंडे पानी की छबील लगाई और लंगर भी लगाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

गुरुद्वारा सिंह सभा घंटा घर में शहीदों के सरताज पांचवें गुरु अर्जन देव जी का शहीदी गुरुपर्व बड़ी ही श्रद्धा के साथ मनाया गया। मीठे ठंडे पानी की छबील लगाई गई व लंगर भी लगाया गया। इस अवसर पर गुरबाणी कीर्तन एवं सुखमनी साहिब के पाठ का भी आयोजन किया गया। इससे पूर्व गत 9 मई से रोजाना लड़ीवार गुरुद्वारा साहिब में श्री सुखमनी साहिब जी का पाठ किया गया। घंटा घर स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी प्रेम सिंह ने बताया कि आज के दिन श्री गुरु अर्जन देव जी को गर्म तवे पर बैठाकर सिर में गर्म रेत डालकर शहीद कर दिया था। उनका शरीर जल रहा था, उसके बावजूद मुंह से बस यही निकला कि तेरा भाना मीठा लागे। पांचवें गुरु श्री अर्जन देव जी को मुगल बादशाह जहांगीर ने सिर्फ इसलिए तसीहें देकर शहीद किया था क्योंकि गुरु जी ने उनके कहने पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब में मोहम्मद हजरत की बातों को दर्ज करने से इनकार कर दिया था। जिस पर पहले देग में बिठाकर आग से गर्म किया गया। उसके बाद गर्म तवे पर बैठाने के बाद नदी में स्नान के लिए ले जाएगा। तो गुरु जी उस नदी में ही विलुप्त हो गए। शहीदी दिवस का दिन लोगों के लिए प्रेरणादायक है। लोगों को इतिहास पढ़ना चाहिए।



**भिवानी।** शहीदों के सरताज पांचवें गुरु श्री अर्जन देव जी के शहीदी गुरुपर्व पर गुरबाणी कीर्तन एवं सुखमनी साहिब के पाठ करते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### संगत में यह रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रधान इंदरमोहन सिंह , बलविंदर सिंह ,भरत कामरा, दया सिंह, डॉ यू एस पाहवा, बाबा सुभाष सिंह, कमलदीप सिंह , अमरजीत कौर, सुखबीर सिंह , प्रेम मुटरेजा, प्रेम सिंह , ज्ञानसिंह बागड़ी, मनप्रीत कौर, पूजा कौर, लवप्रीत सिंह, हरबंस कौर, सुमन चावला, सुदेश सिंह सहित श्रद्धालुगण मौजूद थे।

# मीना परमार को किया सम्मानित

■ हरियाणा महिला आयोग की नवनियुक्त वाइस चेयरपर्सन का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हरियाणा महिला आयोग की नवनियुक्त वाइस चेयरपर्सन मीना परमार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुनील भारद्वाज के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की टीम ने मीना परमार से मुलाकात की। टीम ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी।



**भिवानी।** मीना परमार को सम्मानित करते भाजपा मंडल के सदस्य।

#### महिलाओं के अधिकारों की रक्षा होगी

भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष ने मीना परमार की नियुक्ति पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मीना परमार को हरियाणा महिला आयोग की वाइस चेयरपर्सन नियुक्त करना प्रदेश सरकार और संगठन का सराहनीय और दूरदर्शी फैसला है। मीना परमार लंबे समय से जमीनी स्तर पर समाज और पार्टी की सेवा कर रही हैं। उनके इस पद पर आने से प्रदेश में महिलाओं के अधिकारों की रक्षा होगी। इस अवसर पर ग्रामीण मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष पवन वशिष्ठ नौरंगाबाद, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ राजकुमार फौजी, महिला मोर्चा अध्यक्ष अनिता बामला, दयावंती, दया नौरंगाबाद, मोहित शर्मा, गौरव तंवर, बिजेंद्र मोडा आदि शामिल रहे।

# डॉ. आंबेडकर लाइब्रेरी में महाराणा प्रताप जयंती पर किया नमन, दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती की संध्या पर डॉ. आंबेडकर कॉलोनी स्थित गुरु रविदास धर्मशाला में युवाओं ने एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया। विचार गोष्ठी में महान योद्धा के जन्मदिन को सामाजिक सौहार्द के रूप में मनाया और महाराणा प्रताप के संघर्ष रूपी जीवन पर प्रकाश डाला। शहीद-ए-आजम वीर उधम सिंह प्रदेश महासभा एवं हरियाणा प्रदेश चमार महासभा के युवा प्रदेशाध्यक्ष राजू मेहरा की अध्यक्षता में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को माल्यार्पण किया। मुख्यातिथि प्रोफेसर सुजित घोष ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक योद्धा नहीं बल्कि राष्ट्र स्वाभिमान के प्रतीक थे। इस मौके पर साहिल बंगालिया, अजय जोगी, अजय राजपूत, सोमबीर, अंकित, अमित घोष, रिंकूं, सुनीता प्रजापति, अंकुर प्रजापति, अंशिका शर्मा, गौरव, साहिल, हर्ष वाल्मीकि व रिंकू वाल्मीकि आदि उपस्थित थे।



**भिवानी।** महाराणा प्रताप जयंती पर संगोष्ठी को संबोधित करते राजू मेहरा।

### उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने के लिए विशेष निगरानी अभियान जारी

**भिवानी।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा खरीफ फसल सीजन के दौरान किसानों को समय पर एवं उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से जिले में व्यापक निगरानी एवं नियंत्रण व्यवस्था लागू की गई है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक कृषि निदेशक डॉ. विनोद फोगाट ने बताया कि जिले में वर्तमान समय में सभी प्रमुख उर्वरकों जैसे यूरिया, डीएपी, एनपीके, एसएसपी एवं अन्य उर्वरकों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है तथा आगामी मांग को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त आपूर्ति भी नियमित रूप से प्राप्त की जा रही है। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरक खरीदें। अनावश्यक भंडारण से अन्य किसानों को असुविधा हो सकती है।



**तोशाम।** मांगों को लेकर धरने पर बैठे किसान। फोटो : हरिभूमि

### किसानों के मुआवजे में गोलमाल का आरोप

**तोशाम।** हाईवोल्टेज लाइनों के लिए किसानों की जमीनों के मुआवजे में कथित तौर पर हुए बड़े घोटाले के खिलाफ किसानों का गुस्सा फूट पड़ा है। ग्राम स्वराज किसान मोर्चा और पावरग्रिड बनाम किसान संघर्ष समिति के बैनर तले कस्बा तोशाम स्थित एसडीएम कार्यालय के समक्ष शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना वीरवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता रामचंद्र दून ने की, जबकि मंच का संचालन जंगवीर अलकपुरा द्वारा किया गया। धरने के दौरान किसान नेताओं ने प्रशासनिक अधिकारियों और पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन के बीच कथित मिलीभगत को लेकर तीखे तेवर अपनाए। इस मौके पर ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र तालु और मोर्चा के लीगल सेल के प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता देवेंद्र सोढ़ी ने कहा कि यह कार्रवाई सीधे तौर पर हमारे देश के अन्नदाताओं की पीठ में छुरा घोंपने जैसी है। प्रशासनिक अधिकारी और पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन मिलकर सोची-समझी रणनीति के तहत किसानों की बेशकीमती जमीनों को कौड़ियों के भाव हड़पना चाहते हैं।

# स्वयंसेवकों ने नशा मुक्त भारत का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

भारत सरकार के 'नशा मुक्त भारत अभियान - विकसित भारत की पहचान' थीम के तहत वैश्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 'नशा मुक्ति सप्ताह' के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रांगण में उपस्थित सभी प्राध्यापकों, स्टाफ सदस्यों और एनएसएस स्वयंसेवकों ने समाज को नशा मुक्त व स्वस्थ बनाने का दृढ़ संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों और उपस्थित सभी सदस्यों को जीवन में कभी नशा न करने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की सामूहिक शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही आगामी 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' के सुअवसर पर योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने और इसमें बढ़-चढ़कर भागीदारी करने का भी संकल्प लिया गया। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए वैश्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने कहा कि एक स्वस्थ और सशक्त समाज के निर्माण के लिए नशे जैसी सामाजिक बुराई को जड़ से खत्म करना और योग को अपनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशा मुक्त भारत और विकसित भारत के सपने को साकार करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं ।नशा मुक्ति अभियान के साथ-साथ आज देश की महान वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई जी की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें अत्यंत श्रद्धापूर्वक याद किया गया।



**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में कैडेट्स को संबोधित करते प्राचार्य। फोटो : हरिभूमि

#### इनका रहा सहयोग

इस पूरे आयोजन को गरिमामयी ढंग से संपन्न कराने में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी प्रो. (डॉ.) कामना कौशिक, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोहन लाल, वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. पवन गुप्ता, कार्यालय अधीक्षक कमल भारद्वाज एवं सफ़ाईकर्मी नसीब सहित महाविद्यालय के सभी स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### पॉयलेट रिहर्सल 19 को सुबह 6 बजे : एसडीएम

**भिवानी।** 12 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के चलते 19 जून को सुबह छह बजे स्थानीय भीम स्टेडियम में पॉयलेट रिहर्सल होगी। एसडीएम महेश कुमार ने पॉयलेट रिहर्सल को लेकर लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पायलट रिहर्सल में सुबह छह बजे आयोजित होगी। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को पॉयलेट रिहर्सल में शामिल होने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि योग दिवस पर 21 को भीम स्टेडियम में ही जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। एसडीएम ने 19 जून को पायॅलेट रिहर्सल और 21 जून को योग दिवस को लेकर बिजली विभाग को निर्देश दिए कि वे बिजली के लिए जनरेटर सेट उपलब्धता सुनिश्चित करें।

जागरूकता | केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने पर करवाई जिला स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में वैश्य मॉडल की मन्नत जीती

#### वॉक्स पॉप प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल की पूर्वा रानी विजेता

#### पेंटिंग प्रतियोगिता में वैश्य मॉडल स्कूल का मनन रहा प्रथम विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हरियाणा सरकार द्वारा चलाए जा रहे विशेष राज्यव्यापी प्रचार अभियान के अंतर्गत राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय भिवानी में ऑन-द-स्पॉट पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग एवं वॉक्स पॉप प्रतियोगिताओं का आयोजन किया।

प्रतियोगिताओं में जिले के विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा एवं अभिव्यक्ति कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी डॉक्टर निर्मल दहिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जबकि जिला समन्वयक सांस्कृतिक संजय कुमार ने संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समन्वय किया।



**भिवानी।** अतिथियों के साथ बनाई गई पेंटिंग दिखाते प्रतिभागी विद्यार्थी।

#### स्पर्धा में इन्होंने मारी बाजी

प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण, शिक्षा, डिजिटल सशक्तिकरण एवं विकसित भारत जैसे विषयों के प्रति जागरूक करना था। इस मौके पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में मन्नत वैश्य मॉडल स्कूल ने प्रथम, कोमल रानी राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय, तोशाम ने द्वितीय, कृतिका जीएसएसएस लेघा ने तृतीय, सोनिया डीबीएम स्कूल, ढुलहेरी ने चतुर्थ तथा चहक हलवासिया स्कूल ने पंचम स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में मनन वैश्य मॉडल स्कूल प्रथम, हर्षित गहलोत विद्यांतरिक्ष स्कूल द्वितीय, मोहित मोरवाल गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति स्कूल तृतीय, पंकज गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जुईखुर्द चतुर्थ तथा पुनीत मोरवाल राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय भिवानी पंचम स्थान पर रहे। वॉक्स पॉप प्रतियोगिता में पूर्वा रानी राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, तोशाम ने प्रथम तथा मोनू शर्मा राजकीय वमा विद्यालय बापोड़ा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका तरुण कुमार, विनोद रंगा, जोगेंद्र, अशोक, वेदप्रकाश, सीमा, सुनील एवं कमल शर्मा ने निभाई। डीईओ डॉ. निर्मल दहिया ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को बधाई दी।